# संशोधित अनुमान 2015-2016

वर्ष 2015-16 का संशोधित अनुमान बजट अनुमानों में ₹ 7,914 करोड़ की निवल वृद्धि दर्शाता है। आयोजना-भिन्न व्यय में ₹ 4,006 करोड़ की गिरावट देखी गई है और आयोजना व्यय में ₹ 11,920 करोड़ की वृद्धि हुई है। अन्तर की विविध प्रमुख मदों को नीचे दर्शाया जा रहा है:-

*(करोड़ रुपए)*

| | | बजट 2015-16 | संशोधित 2015-16 | घट-बढ़ बचत(-)/ आधिक्य(+) |
|---|---|---|---|---|
| **आयोजना-भिन्न** | | | | |
| 1. | खाद्य सब्सिडी | 124419 | 139419 | (+) 15000 |
| 2. | पेंशन | 88521 | 95731 | (+) 7210 |
| 3. | सा.क्षे.उ. को अनुदान | 1003 | 5235 | (+) 4232 |
| 4. | प्राकृतिक आपदाओं हेतु राहत | 550 | 3530 | (+) 2980 |
| 5. | पूंजी परिव्यय (रक्षा को छोड़कर) | 10582 | 13187 | (+) 2605 |
| 6. | संघ राज्य सरकारों को अनुदान | 992 | 2887 | (+) 1895 |
| 7. | पुलिस (राजस्व) | 51791 | 52680 | (+) 889 |
| 8. | रक्षा | 246727 | 224636 | (-) 22091 |
| 9. | ब्याज भुगतान | 456445 | 442620 | (-) 13825 |
| 10. | राज्य सरकारों को अनुदान | 107559 | 105346 | (-) 2213 |
| 11. | अन्य आयोजना भिन्न व्यय | 223611 | 222923 | (-) 688 |
| **जोड़ (आयोजना-भिन्न) व्यय** | | **1312200** | **1308194** | **(-) 4006** |
| **आयोजना** | | | | |
| 1 | केन्द्रीय आयोजना | 260493 | 261089 | (+) 596 |
| 2 | राज्य और संघ शासित क्षेत्रों की आयोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता | 204784 | 216108 | (+) 11324 |
| **जोड़ आयोजना व्यय** | | **465277** | **477197** | **(+) 11920** |
| **कुल व्यय (आयोजना + आयोजना-भिन्न)** | | **1777477** | **1785391** | **(+) 7914** |

## आयोजना-भिन्न

1. वृद्धि खाद्य सुरक्षा के कार्यान्वयन के लिए अतिरिक्त प्रावधान के कारण है।
2. वृद्धि, पेंशन सुरक्षा के लिए उच्चतर अपेक्षाओं के कारण है।
3. वृद्धि काफी हद तक भारतीय टेलिफोन उद्योग लिमिटेड को वित्तीय राहत प्रदान करने, महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड के बंध पत्रों पर ब्याज की अदायगी करने और भारत संचार निगम लिमिटेड को स्पेक्ट्रम की अदायगी के कारण है।
4. वृद्धि प्राकृतिक आपादाओं से प्रभावित राज्यों को प्रदान की गई राहत के कारण है।
5. वृद्धि वित्तीय संस्थाओं में उच्चतर निवेश, तटरक्षक संगठन द्वारा पोतों/जलयानों की खरीद और पुलिस पर पूंजीगत परिव्यय के कारण है।
6. वृद्धि सीएसटी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के कारण संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को राजस्व हानि की भरपाई के कारण है।
7. आंतरिक सुरक्षा के कारण उच्चतर आवश्यकता।
8. कमी रक्षा सेवाओं के राजस्व पूंजी व्यय के तहत कम आवश्यकता के कारण है।
9. निम्नतर आवश्यकता ऋण में गिरावट के लिए प्रीमियम की पूर्व अदायगी, बाजार ऋणों पर ब्याज, नकदी प्रबंधन बिलों, कोषागार बिलों पर छूट और विदेशी ऋण की कम अपेक्षा के कारण है।
10. वृद्धि मुख्यतः संविधान के अनुछेद 275(1) के तहत अनुदानों के लिए निम्नतर अपेक्षा के कारण है।

## योजना

1. निवल वृद्धि काफी हद तक रसायन एवं उर्वरक, नागर विमानन, वाणिज्य, दूर संचार, पेय जल और स्वच्छता, वित्तीय संवाएं, अल्पसंख्यक कार्य, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, विद्युत एवं शहरी विकास मंत्रालयों/विभागों को प्रदत्त उच्चतर परिव्यय, और कुछ अन्य मांगों में बचत के कारण है।
2. निवल वृद्धि काफी हद तक एक राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल कार्यक्रम, स्वच्छ भारत अभियान, राष्ट्रीय एड्स और एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के राष्ट्रीय कार्यक्रम, सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए), केन्द्रीय सड़क निधि अंतरण (सीआरएफ), मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना, त्वरित सिंचाई प्रसुविधा और बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम, एकीकृत बाल विकास सेवा और संघ राज्य क्षेत्र योजना (चंडीगढ़, दमन और दीव, लक्षद्वीप), और कुछ अन्य योजनाओं में बचत के कारण है।